महासर माँ तेरी दया हुई

महासर माँ तेरी दया हुई हम पर तेरी दया,
तेरी दया से ही चलता है परिवार मेरा,
महासर माँ तेरी दया हुई हम पर तेरी दया,

इतनी दया की माँ परिवार पर मेरे,
तुम ने बनाये माँ हर बिगड़े काम मेरे,
जो सोचा नहीं मैंने वो तुमने दिया है माँ,
दुनिया में रुतबा मेरा तुमने बढ़ाया माँ,
तेरी दया से ही चलता परिवार मेरा,
महासर माँ तेरी दया हुई हम पर तेरी दया,

तेरे प्यार के काबिल मैं नहीं मैं तो,
मुझको अपना कर सौगात दी मुझको,
उपकार तेरे माँ मैं कैसे चुकाऊ गा,
जीवन अब भर अब तो चरणों में बिताऊ गा,
तेरी दया से ही चलता है परिवार मेरा,
महासर माँ तेरी दया हुई हम पर तेरी दया,

तेरे प्यार के सागर में मेरी जीवन नइयाँ है ,
प्यार करो या डुबो बो सब तेरी मर्जी है,
हम भक्तो के बिन माँ तुम रह न पाओगी,
राही का विश्वाश तुम तोड़ न पाओगी,
तेरी दया से ही चलता है परिवार मेरा,
महासर माँ तेरी दया हुई हम पर तेरी दया,

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/10061/title/mahasar-maa-teri-daya-hui-ham-par-teri-daya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |